आईआईएम रांची ने की मानव पुस्तकालय की मेजबानी

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची ने मंगलवार को मानव पुस्तकालय की मेजबानी की। मानव पुस्तकालय लोगों को सार्थक बातचीत में संलग्न होने और एक-दूसरे...

Newswrap हिन्दुस्तान टीम,रांची

Tue, 20 Dec 2022 05:50 PM

हमें फॉलो करें ऐप पर पढ़ें

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची ने मंगलवार को मानव पुस्तकालय की मेजबानी की। मानव पुस्तकालय लोगों को सार्थक बातचीत में संलग्न होने और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने का प्रयास था। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ अपनी कहानियों व दृष्टिकोण को साझा किया।

विज्ञापन

इस मानव पुस्तकालय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ऐसे लोगों के साथ जुड़ने का मौका मिला, जो पृष्ठभूमि और अनुभवों की विभिन्न श्रेणी का प्रतिनिधित्व करते थे। हर पुस्तक को एक निर्दिष्ट समय स्लॉट दिया गया था। पाठक उनके बारे में जानने और उनके जीवन में आनेवाली चुनौतियों को समझने के लिए प्रश्न पूछ सकते थे। इस मानव पुस्तकालय में विभिन्न व्यवसाय, धर्म, संस्कृतियों के लोग शामिल हुए। उन्होंने अपनी कहानियों को साझा किया और उपस्थित लोगों के साथ सार्थक बातचीत की। यह कार्यक्रम आईआईएम रांची के परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित किया गया। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने भी इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में कई मॉडलों पर शोध करने के बाद इस विचार की कल्पना की, जहां मानव पुस्तकालय तकनीक लोकप्रिय है।

यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है, इसे लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।

ऐप पर पढ़ें

प्रमोटेड आर्टिकल्स

This Refugee Sisterhood in Jakarta has No Borders

शाहरुख अपनी बेटी के साथ देखें पठान, बोले विधानसभा स्पीकर- पैगंबर पर फिल्म बनाने की चुनौती

Born between 1956 to 1996? You can earn a potential…

नाबालिग से 15 घंटे तक दोस्त समेत 8 लोगों ने किया गैंगरेप, बीच पर ले जाकर भी दरिंदगी

Ranchi - Unsold Senior SUVs From 2022

Pathaan Controversy: 'पठान' फिल्म पर विवाद के बीच दीपिका पादुकोण की जगह CM योगी की …

Learn from IIT Madras Faculty & Industry Experts.